तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 17 मार्च 2025



12 ग्राम मेढ़की में चला स्वच्छता अभियान



11 नगर सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई होली






## खबर संक्षेप

### महिला ने लगाई फांसी



**बालोद।** शनिवार को दल्लीराजहरा वार्ड नंबर 17 की रहने वाली महिला पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही थी। उसी दौरान एक युवक ने उसे ऐसा करते देख लिया और तत्काल उसे फंदे से उतारकर घर के सामने लिटाया, लेकिन कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला का नाम अनीता विश्वकर्मा पति सुद्धू राम विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष है। वह दल्लीराजहरा के वार्ड नंबर 17 की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि महिला लंबे समय से अपने माता पिता के पास रह रही थी, उसके 3 छोटे-छोटे बच्चे हैं। वहीं, आत्महत्या का कारण अज्ञात है। मौके पर पहुंची राजहरा पुलिस की टीम ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### नदी में डूबने से किशोर की मौत

**बालोद।** ग्राम सनौद में होली त्योहार की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब लोगों को पता चला कि नदी में डूबने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। एक ओर जहां सभी तरफ होली पर्व की खुशियां मनाई जा रही थीं, लोग गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को रंग लगा रहे थे। इसी बीच, ग्राम सनौद में नदी में डूबने से एक 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई है। घटना के बाद गांव में मातम छा गया। गुण्डरदेही पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय प्रखर यदु अपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। उसी दौरान वह डूब गया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद गुण्डरदेही पुलिस घटनास्थल में पहुंचकर मृतक युवक के शव का पंचनामा करने के बाद उसके शव को पीएम के लिए भेजा गया, जहां पीएम पश्चात उसके शव को घर वालों को सौंप दिया गया। गुंडरदेही पुलिस आगे की जांच व कार्यवाही में जुट गई है।

### प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी

**डौंडीलोहारा।** प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामला वनांचल के ग्राम भीमपुरी का है। संजारी चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भीमपुरी निवासी लकेश साहू पिता स्व. ललित कुमार उम्र 20 वर्ष जेवरतला में अपने मामा के यहां रहता था। वह वाहन चलाता था। एक लड़की के साथ उसका प्रेम संबंध था। दोनों ने 14 मार्च को होली के दिन फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी मां कमाने के लिए कहीं बाहर गई है। फोन लगाने पर लड़के से बात नहीं तो हुई, तो उसकी मां ने उसके मामा को फोन लगाया। पतासाजी करने उसके मामा भीमपुरी आए, तब दोपहर को लगभग 3 बजे घर में दोनों को फांसी के फंदे पर लटकते हुए पाया।सूचना ▶▶| शेष पेज 11 पर

## हादसा

### अर्जुंदा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात हुई भीषण दुर्घटना

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से तेज रफ्तार बाइक टकराई, तीन दोस्तों की मौत

तेलीटोला गांव की ओर से फाग प्रतियोगिता देखकर अपने गांव मनकी लौट रहे थे युवक







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के अर्जुंदा थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात हुई एक सड़क दुर्घटना में तीन दोस्तों की मौत हो गई । तेज रफ्तार बाइक के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराने ये यह घटना हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। घायलों को तत्काल अर्जुंदा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, घटना में मोटर साइकिल के परखच्चे उड़ गए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम मनकी निवासी अनिल कुमार साहू 18 वर्ष, पिता खिलेश कुमार साहू, पीयूष साहू 17 वर्ष, पिता दिलीप साहू और विकास ठाकुर 22 वर्ष, पिता सुखित राम ठाकुर तेलीटोला गांव की ओर से फाग प्रतियोगिता देखकर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एजे 8736 से अपने गांव मनकी लौट रहे थे। गांव के पास पहुंचने से पहले उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक सीजी 07 बीए 4777 से टकरा गई। घटना की सूचना मिलते ही अर्जुंदा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को मर्चुरी भेज दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, मृतकों का पोस्टमार्टम किया गया। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया।

### तीन नौजवान साथियों के शव देख फफक पड़े ग्रामीण

## मनकी में एक साथ तीन दोस्तों का हुआ अंतिम संस्कार, गांव में पसरा मातम

**बालोद/अर्जुन्दा।** नगर से लगे मनकी गांव में शनिवार को हुए हादसे में बाइक सवार तीन युवकों की मौत के बाद रविवार को तीनों का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। गांव के तीन नौजवानों की एक ही दिन अर्थी जलने से पूरे गांव में मातम पसर गया। मनकी गांव के तीन दोस्त 17 वर्षीय अनिल साहू पिता स्व खिलेश्वर साहू, 15 वर्षीय पीयूष साहू पिता दिलीप साहू और 19 वर्षीय विकास ठाकुर पिता सुखित ठाकुर का रविवार को शव परीक्षण के बाद शव ग्राम मे पहुंचा। सड़क हादसे में शामिल तीनों लड़के मनकी गांव के रहने वाले थे। घटना के बाद जैसे ही तीनों की लाश मनकी गांव पहुंची, तो पूरे गांव में मातम पसर गया। एक साथ तीन नौजवानों की लाश देख हर किसी की आंखों से आंसू छलक पड़े।









### परिवार में इकलौते थे पीयूष व विकास

सड़क हादसे में जान गंवाने वाले 15 साल के पीयूष साहू और 19 साल के विकास ठाकुर अपने परिवार में इकलौते बेटे थे। पीयूष की एक छोटी बहन है वहीं विकास की तीन बहनें हैं। लेकिन इस घटना ने चार बहनों का भाई छिन लिया।

### खराब ट्रक के पास सुरक्षा के इंतजाम नहीं

मिली जानकारी के अनुसार जिस ट्रक से टकराकर यह हादसा हुआ है वह ट्रक शनिवार सुबह से सड़क किनारे खड़ा था। लेकिन, रात के अंधेरे में ना ही एंडीगेटर जलाया गया था और ना ही कोई संकेत चिन्ह लगाया गया था। वहीं, बाइक सवार ट्रक को देख नहीं पाए और तीनों की जान चली गई।

### आधे घंटे तक करते रहे एंबुलेंस का इंतजार

ग्राम में व्याप्त चर्चा के अनुसार शनिवार को घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने घटना के बाद 108 और 112 नम्बर डायल कर एम्बुलेंस को सूचना देने का प्रयास किया, लेकिन कई बार फोन करने के बावजूद फोन नहीं लगा। आधे घंटे इंतजार के बात भी जब एम्बुलेंस से संपर्क नहीं हो पाया, तो वहां मौजूद लोगों ने बाइक के माध्यम से तीनों घायलों को अर्जुन्दा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच की तो तीनों दोस्तों की मौत हो चुकी थी।

### 7 माह पहले सड़क हादसे में पिता की हुई थी मौत

मृतक 18 वर्षीय अनिल साहू के पिता की मौत सात माह पूर्व ही एक सड़क दुर्घटना में हुई थी। उनके परिवार में मां, एक छोटा भाई और बहन रहते हैं। पिता के मौत के बाद परिवार पालने की सारी जिम्मेदारी अनिल के कंधे पर ही थी। लेकिन इस हादसे ने एक परिवार का यह सहारा छीन लिया।

शालेय शिक्षक संघ ने शासन से की मांग

## प्राचार्य के रिक्त पदों पर शीघ्र की जाए पदस्थापना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य के लगभग 03 हजार पदों पर पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्णता की ओर अग्रसर है। इस प्रक्रिया के पूर्ण होने से स्कूल शिक्षा विभाग में विद्यालयों तथा विद्यार्थियों को योग्य, अनुभवी एवं पूर्णकालिक 2934 प्राचार्य तो मिलेंगे ही साथ ही शिक्षाकर्मी के रूप में प्रथमतः नियुक्त कर्मचारियों को प्राचार्य तथा भविष्य में विभाग के उच्च प्रशासनिक पदों पर सेवा का अवसर मिलेगा। शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने प्राचार्य पदोन्नति की वर्तमान प्रक्रिया को संविदा शिक्षक के रूप में सेवा प्रारंभ करने वाले उनके लगभग 70 साथी भी 2005 में शिक्षाकर्मी के रूप में पद परिवर्तन तथा 2018 में संविलियन प्राप्त कर, अब प्राचार्य बनने जा रहे हैं। प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे व महासचिव धर्मेश शर्मा ने स्कूल शिक्षा सचिव से मांग की है कि प्राचार्य के रिक्त पदों पर अविलंब व विवादमुक्त ढंग से काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना की कार्यवाही संपन्न करें।

शालेय शिक्षक संघ ने स्कूल शिक्षा सचिव ▶▶| शेष पेज 11 पर

## गंभीर बीमारी है ग्लूकोमा, समय पर इलाज न होने से रहता है दृष्टिहीनता का खतरा

सीएमएचओ डॉ सूर्यवंशी ने लोगों को दी समय पर जांच व इलाज कराने की सलाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम सूर्यवंशी एवं सहायक नोडल अधिकारी एके सिन्हा बालोद, खंड चिकित्सा अधिकारी गुण्डरदेही डॉ सत्येंद्र मार्कण्डेय के मार्गदर्शन में 9 मार्च से 15 मार्च तक ग्लूकोमा सप्ताह सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मनाया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि ग्लूकोमा एक गंभीर बीमारी है, जिसका सही समय पर इलाज न होने से व्यक्ति पूर्ण रूप से दृष्टिहीन हो जाता है।

इस बीमारी में मरीज को आंखों में लालिमा, धुंधला दिखना, आंखों में तेज दर्द, आंखों से इंद्रधनुष की तरह रंग दिखना, चश्मे का नंबर जल्दी-जल्दी बदलना, परिधि के दृष्टि क्षेत्र में कमी, रोशनी रंगीन दिखना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। उन्होंने बताया कि सही समय पर इलाज होने से आगे की रोशनी कम होने से पूर्णतया बचाया जा सकता है। इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुरदी में नेत्र सहायक अधिकारी एमडी हिरवानी द्वारा ग्लूकोमा के संबंध में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हॉस्पिटल के प्रभारी आरआर नेताम, सुभाष साहू, संदीप साहू, टोमेश साहू, एमएल साहू, सुपरवाइजर तमन्ना परवीन, शारदा देवांगन, अंजनी सिंगेवर, मोनिका साहू, बबली यादव कविता साहू, चांदनी साहू, थानू राम, प्रीति साहू, मितानिन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## बेटियों ने पिता की अर्थी को कांधा देकर पहुंचाया मुक्तिधाम, मुखाग्नि भी दी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पिता के निधन पर दो बेटियों ने बेटे का फर्ज निभाते हुए अपने पिता को मुखाग्नि दी है। यह दृश्य देख हर किसी की आंखें नम हो गईं। इन बेटियों ने न सिर्फ मुखाग्नि दी, बल्कि बेटों की तरह अर्थी को भी कांधा दिया। अर्थी के साथ घर से चलीं और श्मशान घाट पहुंचकर पिता की मुक्ति के लिए अंतिम संस्कार कराया।

- बालोद जिले के ग्राम हीरापुर में नम हो गईं हर किसी की आंखें

यह दुखद दृश्य बालोद जिले के ग्राम हीरापुर के मुक्तिधाम में देखने को मिला। ग्राम हीरापुर के दन्नू विश्वकर्मा 42 वर्ष की तबीयत खराब होने के कारण शनिवार को निधन हो गया। दन्नू विश्वकर्मा की दो बेटियां हैं। बेटा नहीं है, इसलिए दन्नू विश्वकर्मा ने बेटों की तरह ही अपनी बच्चियों की परवरिश की, अब उन्हीं बेटियों ने बेटों का फर्ज निभाया। बेटियों में बड़ी बेटी का नाम पायल और छोटी बेटी का नाम आशु है। ऐसे दुःखद समय में परिवार व समाज द्वारा एक सकारात्मक कदम उठाते हुए पिता को बेटी द्वारा मुखाग्नि दिये जाने का निर्णय लिया गया। उसके बाद न सिर्फ गांव के लोगों ने बल्कि बाहर से आए हुए लोगों ने परिवार व समाज द्वारा दुःखद समय में सकारात्मक सोच के साथ उठाए गए इस कदम की सराहना की।

ग्राम पंचायत चिरईगोड़ी का मामला, ग्रामीणों ने किया विरोध

# पद से हटने के बाद पूर्व सरपंच ने शुरु करवाया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पद से हटने के बाद भी पूर्व सरपंच ने ठेकेदार व अधिकारी से मिली भगत कर पंचायत में लाखों का कार्य प्रारंभ कर दिया। कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने सवाल खड़ा किया, तब वर्तमान सरपंच को कार्य प्रारंभ होने के बाद सूचना दी गई। अब वर्तमान सरपंच पर सारा ठीकरा फोड़ा जा रहा है, जिसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

मामला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चिरईगोड़ी का है। यहां नये सरपंच पेमिन साहू ने पदभार ग्रहण किया और दूसरे दिन ही पूर्व सरपंच खिलावन साहू ने ठेकेदार व आरईएस के उपअभियंता से सांठ-गांठ कर 10 लाख का कार्य प्रारंभ कर दिया। नए सरपंच को कहा गया कि कार्य पुराना सरपंच लाया है और उसने सिस्टम का उसने दिया है, इसलिए कार्य पुराना सरपंच करेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीएमएफ निधि से लगभग 10 लाख रूपये ग्राम पंचायत चिरईगोड़ी में गली सीमेंटीकरण के लिए स्वीकृत हुआ है। इसका कार्य चुनाव आचार संहिता लगने के पूर्व प्रारंभ हुआ था, जो जमीन समतलीकरण तक ही सीमित था। इसकी आधी राशि पंचायत को प्राप्त भी हो गई है, पंचायत द्वारा राशि आहरित करने का दावा किया जा रहा है। कथित तौर पर पांच माह पूर्व ही बालोद के एक ठेकेदार को दे दिया गया है, बताया गया है कि उस कार्य को वही ठेकेदार स्वीकृत कराकर लाया था, इसलिए वही कार्य करेगा। आरोप है कि महीनों से लाखों रूपये लेकर घूमने वाले ठेकेदार ने पंचायत में नई पंचायत बैठने के तुरंत बाद ही कार्य प्रारंभ कर दिया। इस कार्य में पूर्व सरपंच एवं विभाग के उपअभियंता की मिली भगत भी बताई जा रही है, क्योंकि इन सभी ने नई सरपंच को पहले तो कुछ बताया ही नहीं, जब गुणवत्ता को लेकर विवाद हुआ, तब बताया। वह भी यह कि कार्य पुराने सरपंच ने स्वीकृत कराया था, इसके लिए उसने सिस्टम का खर्च भी उसने किया था, इसलिए कार्य वही करेगा।

### मेरे कार्यकाल में स्वीकृत हुआ कार्य

पूर्व सरपंच खिलावन साहू ने कहा कि कार्य मेरे कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था। कार्य ठेकेदार कर रहा है, मैं नहीं जानता। वर्तमान सरपंच कार्यरा रही है।

### पूर्व सरपंच ने दी थी जानकारी

उपअभियंता कौशल साहू ने कहा कि कार्य प्रारंभ होने की जानकारी पूर्व सरपंच ने दी थी, तब मैं देखने गया था। वर्तमान सरपंच को कार्य प्रारंभ होने की जानकारी दे दी गई है।

### ग्रामीणों के विरोध पर खुला मामला

लेकिन, मामला कार्य में लापरवाही बरतने से उलझ गया। सीमेंटीकरण में ग्रामीणों की मंशा के अनुरुप कार्य नहीं होने से ग्रामीणों ने विरोध किया। तब पूर्व सरपंच, ठेकेदार व उपअभियंता ने वर्तमान सरपंच को बुलाकर बताया। अब वर्तमान सरपंच उसकी मात्र निगरानी कर रही हैं। कार्य अब भी ठेकेदार ही कर रहा है। कार्यस्थल पर सूचना बोर्ड नहीं है, सीमेंटीकरण में मोटाई मानक से 3-4 इंच कम है।

### पूर्व सरपंच करवा रहा हैं कार्य

पेमिन साहू ने कहा कि कार्य पूर्व सरपंच ठेकेदार के माध्यम से करा रहा था। वह अब नहीं देख रहा है इसलिए मैं देख रही हूं, कार्य की लागत क्या है, कितना आहरण कब हुआ है, कार्य कौन ठेकेदार कर रहा है, मैं नहीं जानती। उप अभियंता व ठेकेदार ने कार्य चालू होने की जानकारी दी थी। सूचना बोर्ड नहीं लगा है।

## पेंशनधारी कल्याण संघ का होली मिलन समारोह 20 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद के पेंशन भवन में सम्मान समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन 20 मार्च को दोपहर 12 बजे से किया गया है। अध्यक्ष पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा बालोद डॉ आरएम चावड़ा ने बताया कार्यक्रम में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, जिला कोषालय अधिकारी मुकुंद सिंह भारद्वाज तथा मुख्य शाखा प्रबंधक एसबीआई गौरव भटनागर को सम्मानित किया जाएगा।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# किसानों को बेचे गए बीज के 205 सैंपल लिए, जांच के लिए 140 लैब भेजे, इनमें 15 मिले अमानक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कृषि विभाग रायपुर ने रबी सीजन के दौरान किसानों को बेचे गए बीज, उर्वरक, पौध एवं जैव के लिए गए सैंपल में 15 अमानक पाए गए।

इनमें बीज के 4, पौध के 2 तथा उर्वरक एवं जैव के 4-4 सैंपल हैं। विभाग द्वारा रबी सीजन में कुल 204 सैंपल लिए गए थे, जिनमें 140 सैंपलों को जांच के लिए लैब भेजा गया था। इस जांच में 189 सैंपल मानक पाए गए हैं, वहीं 15 अमानक मिले।



### 3 बीजों के लॉट की बिक्री पर रोक

लैब में जांच के दौरान कुल 15 सैंपल अमानक मिले। इनमें बीज और उर्वरक के अमानक सैंपल मिलने पर कृषि विभाग ने इन दोनों बीज से संबंधित लाट की बिक्री पर भी तत्काल रोक लगा दी गई थी। इसके साथ ही अमानक मिले सैंपल पर संबंधित केंद्रों पर नियमानुसार कार्रवाई भी की गई।

### मानक-अमानक-लंबित सैंपल के आकड़े

| | कुल सैंपल | मानक सैंपल | अमानक सैंपल | लंबित |
|---|---|---|---|---|
| बीज | 57 | 52 | 5 | 0 |
| पौध | 64 | 13 | 2 | 49 |
| उर्वरक | 52 | 48 | 4 | 0 |
| जैविक खाद | 31 | 27 | 4 | 0 |

### 3 लॉट पर लगाई रोक

जांच में जितने सैंपल अमानक मिले हैं, उनमें 3 सैंपल के लाट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इस मामले में नोटिस जारी किया गया है।

**- आरके कश्यप,** डीडीए, कृषि विभाग रायपुर

### सैंपल लेने का लक्ष्य पूरा नहीं

कृषि विभाग ने रबी सीजन में बीज में 65 सैंपल लेने का लक्ष्य निर्धारित किया था। इसकी तुलना में 57 सैंपल लिए गए। इसी प्रकार पौध के 77 सैंपल के एवज में 64 एवं उर्वरक के 55 में 52 सैंपल लिए गए। इस तरह इन तीनों में सैंपल लक्ष्य से कम लिए गए। हालांकि जैव के लक्ष्य से अधिक सैंपल लिए गए। जैव के 25 सैंपल लिए जाने थे, पर 31 लिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर युवती से रेप, की मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक युवती ने एक युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर रेप करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमलीडीह निवासी युवती ने रंजन कुमार साहू के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को बताया कि रंजन ने उससे शादी करने का झांसा देकर रेप को अंजाम दिया। शादी करने दबाव बनाने पर रंजन ने युवती से शादी से इंकार कर दिया और उसके साथ मारपीट की।

### मजदूर को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक युवक ने दूसरे युवक के खिलाफ मजदूर को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खम्हारडीह निवासी अंश माधिका ने जितेंद्र कुमार शर्मा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अंश ने पुलिस को बताया कि जितेंद्र ने उस पर मजदूरों को भड़काने का आरोप लगाकर मारपीट की है।

### पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष भिड़े, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ पुरानी रंजिश के चलते मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुदामा नगर निवासी कुंती मरकाम ने प्रमिका, रेणुका, राधा तथा नागेश मरकाम के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कुंती ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते चारों ने उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट की। दूसरे पक्ष के लोगों ने कुंती तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है।

### कार किराए पर लेकर की अमानत में खयानत

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के खिलाफ कार किराए पर लेकर वापस नहीं कर अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुंदर नगर निवासी अनूप तिवारी ने आमिर मिर्जा बेग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

### सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दिए 10 लाख

**रायपुर।** 9 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविदास समाज द्वारा रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन में रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने शामिल होकर रविदास समाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा महिला हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में वे संकोच न करें, राज्य शासन किसी के साथ कोई भी भेदभाव नहीं करता। समाज प्रमुख की मांग पर उन्होंने विधायक निधि से 10 लाख रुपये उनके विधानसभा क्षेत्र जहां रविदास समाज निवासरत हैं कि महिलाओं के लिए महिला सामुदायिक भवन निर्माण के लिए देने की घोषणा की।

### स्वच्छता सर्वेक्षण : वार्डों में मलबा एकत्रित करने बनाए कलेक्शन सेंटर

# खुले स्थानों पर डाल रहे मलबा, निगरानी का सिस्टम फेल, केंद्रीय टीम की रहेगी नजर




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वार्डों में मलबा एकत्रित करने नगर निगम द्वारा बनाए गए कलेक्शन सेंटर की निगरानी नहीं होने से शहर में निर्माण और तोड़फोड़ के दौरान निकलने वाला मलबा सड़क पर खुले में फेंका जा रहा है। इससे आम जनता को जहां आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं बेतरतीब बिखरे मलबे से धूल और वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ा है, जबकि निगम प्रशासन ने अलग-अलग वार्डों में बनाए गए मलबा कलेक्शन सेंटर के निगरानी की जिम्मेदारी नगर निवेश विभाग के इंजीनियर को दी है। साथ ही संबंधित जोन के जोन कमिश्नरों को नियम आयुक्त निर्देशित भी कर रहे हैं। अगर यही हाल रहा तो स्वच्छता सर्वेक्षण में केंद्रीय टीम के सामने फजीहत होते देर नहीं लगेगी। दरअसल शहर में निर्माण और तोड़फोड़ कार्य के दौरान उत्पन्न होने वाले मलबे को सड़क पर एकत्रित करने की जगह अब एक निश्चित जगह संग्रहित करने निगम प्रशासन ने वार्डवार मलबा कलेक्शन सेंटर बनाया है। कलेक्शन सेंटर के अलावा किसी भी अन्य स्थान पर मलबा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, ताकि खुले में मलबा फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगे। मलबा कलेक्शन सेंटर में एकत्र निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट को हीरापुर के प्रसंस्करण यूनिट में परिवहन कर फिर से उपयोग लायक बनाया जाए।

### मलबा कलेक्शन के लिए इन जगहों पर बनाए गए सेंटर

- माधवराव सप्रे वार्ड-लिमही तालाब के पास साहू समाज भवन के समीप इंद्रप्रस्थ रोड रायपुरा
- भक्त कर्मा माता वार्ड- पीएस सिटी, विनायक सिटी के पास
- कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड- दलदल सिवनी इंदिरा स्मृति वन के बाजू में, सड्डू अवीवा उद्यान के सामने वाली जगह।
- तात्यापारा वार्ड - नेमीचंद गली, अग्रसेन चौक के पास भैंसथान मैदान
- बालगंगाधर तिलक वार्ड - जनता कॉलोनी पानी टंकी के पास
- मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड - जनता कॉलोनी पानी टंकी के पास
- संत रामदास वार्ड दिशा कॉलेज के पास रामनगर मुक्तिधाम कृष्णा नगर
- बाबू जगजीवन राम वार्ड - देवपुरी बस्ती, महात्मा गांधी नगर नाला महावीर नगर अमलीडीह
- कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड - डूंडा स्कूल के पास
- पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड - वीआईपी रोड फुंडहर गोठान के पास, राजीव स्मृति वन के पीछे
- मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड - संतोषी नगर चौक से तरूण बाजार चौक, त्रिमूर्ति मंदिर के पास, दुर्गा मंदिर के आगे मठपुरैना
- श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड - रावतपुरा फेस 1 सामुदायिक भवन रोड शासकीय स्कूल के पास पानी टंकी मठपुरैना
- चंद्रशेखर आजाद वार्ड - चौरसिया कॉलोनी गोठान के पास
- ठाकुर प्यारेलाल वार्ड - सीएसईबी कॉलोनी डगनिया पानी टंकी शासकीय स्कूल के पास
- रानी लक्ष्मीबाई वार्ड - अशोका रतन पाम ब्लाजियो के सामने, शंकर नगर अशोका रतन रोड
- यतियतन लाल वार्ड - भनपुरी रोड बेस्ट प्राइज शॉपिंग मॉल भनपुरी गोठान

# फर्जी आईडी से 19 लाख की ठगी, फेक अकाउंट बनाकर दिया झांसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई

कंपनी की मिलती जुलती ई-मेल आईडी बनाकर 19 लाख रुपए ठगी करने के मामले में एक अनाज तथा स्टील कारोबारी ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ आजाद चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कारोबारी को अपने साथ ठगी की जानकारी तब मिली, जब उसके पास कंपनी प्रबंधन ने रकम नहीं मिलने की शिकायत की। कारोबारी की शिकायत दर्ज कर पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। समता कॉलोनी स्थित आर्यन राइस इंडस्ट्रीज की ओर से नारायण लाटा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। नारायण ने पुलिस को बताया कि रायगढ़ स्थित नलवा स्टील एंड पॉवर लिमिटेड से आर्यन राइस इंडस्ट्रीज का सौदा तय हुआ था। सौदा तय होने के बाद 10 मार्च को नारायण के मेल आईडी में पैसा भेजने गुलशन डॉट प्रजापति एट द रेट नलवा डॉट कॉम से ई-मेल आया। ई-मेल के आधार पर नारायण ने 19 लाख रुपए आरटीजीएस कर दिए। रकम ट्रांसफर करने के दूसरे दिन नलवा स्टील प्रबंधन ने पैसे नहीं मिलने की शिकायत की। जांच करने पर ई-मेल अकाउंट फर्जी पाया गया, जिसके अकाउंट में रकम ट्रांसफर की गई है। वह अकाउंट जमशेर खान के नाम से है।

### शराब खरीदने गए युवक के साथ मारपीट

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक युवक ने शराब दुकान के सेल्समैन तथा उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बेमेतरा निवासी टोपेश्वर साहू ने श्याम सुंदर तथा उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। टोपेश्वर ने पुलिस को बताया है कि वह मेटल पार्क स्थित शराब दुकान में शराब खरीदी करने लाइन में लगा था। उसकी बारी आने पर शराब दुकान के सेल्समैन श्याम सुंदर ने उसे शराब नहीं देने की बात कहते हुए गाली-गलौज की। विरोध करने पर शराब दुकान के सेल्समैन ने अपने साथियों के साथ मिलकर टोपेश्वर के साथ मारपीट की।

# जमीन बिक्री के कम पैसे लेने की बात पर पत्नी की हत्या, पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

परिवार की जमीन बिक्री पर कम पैसे लेने की बात पर पति-पत्नी के बीच जमर विवाद हुआ। इस दौरान पति ने पत्नी की पिटाई कर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला श्रीमती मंगलीन साहू पति अजय मजूमदार 32 साल निवासी ग्राम टेडेसरा को 13 मार्च के सवा 12 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोमनी में मृत अवस्था में लाया गया है। सूचना पर थाना सोमनी में मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्रवाई में लिया गया है। मृतिका के शरीर पर अनेकों स्थान पर चोंट के निशान व मृतिका की मृत्यु संदेहास्पद होने से पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में फारेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वाड टीम घटनास्थल पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया गया।

### पैसों की बात पर की पिटाई

घटना 12 मार्च को भी मृतिका से झगडा-विवाद कर मारपीट किया है। उक्त तथ्य की जानकारी होने पर संदेही मृतिका के पति अजय मजूमदार से बारीकी से पूछताछ करने पर बताया कि मृतिका मंगलीनबाई साहू के रिश्तेदार के नाम से ग्राम जोरातराई में जमीन है, जिसे उसके भाई लोग बेचने के लिए मंगलीन से बातचीत किए थे। जिसके बारे में मंगलीन उसे बताई थी और अपने भाई से जमीन बिक्री का 20-25 हजार रुपए लूंगी बोली, तब आरोपी बोला कि तुम्हारे हिस्से में 1 लाख आएगा। इतना कम पैसा क्यों लेगी, तो मंगलीन बोली कि मेरी मर्जी मैं उतना ही लूंगी बोली। इसी बात को लेकर दोनों के मध्य वाद-विवाद हुआ, तब आरोपी अपने घर के सामने मंगलीन को हाथ-मुक्का एवं बांस के डंडा से मारपीट कर रहा था। मारपीट करते पड़ोस के लोगों के देखने और आरोपी को मारने से मना किए व मंगलीन को अपने घर के अंदर ले जाकर उसके साथ और मारपीट किया, मंगलीन बेहोश हो गई, जिसे वह पलंग में लेटा दिया था।

# वन विभाग का 'वनतारा' प्रेम बायसन गिफ्ट किया, बदले में मिली सिर्फ डिजीटल एक्सरे मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- एक वर्ष पूर्व तीन बायसन वनतारा को कानन-पेंडारी जू ने गिफ्ट किए थे
- सफेद भालू देने का मामला सामने आने के बाद भालू शिफ्टिंग का मामला अटका

गुजरात में अनंत अंबानी के वनतारा का अधिकृत तौर पर उद्घाटन हुए अभी कुछ ही दिन हुए हैं और इधर छत्तीसगढ़ वन विभाग का उसके प्रति प्रेम चरम पर पहुंच गया है। यही वजह है कि वनतारा को वन्यजीवों से गुलजार करने छत्तीसगढ़ वन विभाग के अफसर दिल खोलकर वन्यजीव देने के लिए तैयार बैठे हैं। वनतारा को विभाग जेब्रा, मीरकैट के बदले जंगल सफारी रेयर प्रजाति के वन्यजीव सफेद भालू देने को राजी हो गया। इसके पूर्व कानन पेंडारी जू से एक वर्ष पूर्व वनतारा को तीन बायसन गिफ्ट के रूप में दिए जा चुके हैं। इसके बदले विभाग को एक्सरे मशीन ही मिल सकी है।

दरअसल वनतारा प्रबंधन ने सीजेडए से अनुमति लेकर कानन पेंडारी जू से तीन बायसन देने अनुमति प्राप्त की। कानन पेंडारी प्रबंधन सीजेडए की अनुमति देख बगैर किसी विरोध के वनतारा प्रबंधन को तीन बायसन देने के लिए राजी हो गया।

### बायसन के बदले मिली एक्सरे मशीन

बायसन देने के तीन माह बाद वनतारा प्रबंधन ने कानन पेंडारी को बायसन के बदले एडवांस टेक्नालॉजी के पोर्टेबल डिजीटल एक्सरे मशीन दी। उक्त एक्सरे मशीन को कानन पेंडारी प्रबंधन वनतारा से गिफ्ट मिलना बता रहे हैं। इसे लेकर वन्यजीव प्रेमी प्रश्नचिन्ह खड़े कर रहे हैं। जिस बायसन को वनतारा जू को गिफ्ट किया गया है, उक्त बायसन को कानन पेंडारी प्रबंधन वर्ष 2017 में हैदराबाद जू से लेकर आया था। इस संबंध में कानन पेंडारी प्रबंधन का तर्क है कि उनके जू में बायसन की संख्या अधिक हो गई थी। इस वजह से उन लोगों ने वनतारा प्रबंधन द्वारा मांगे जाने पर बायसन गिफ्ट किया है।

# तीन साल बाद ठेलों और फुटपाथ पर लौटी लहसुन, दाम 80 से 100 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



लहसुन के दाम में लंबे समय बाद अब राहत का तड़का लगा है। तीन साल बाद एक बार फिर से राजधानी के फुटपाथ और ठेलों पर लहुसन बेचने वाले नजर आ रहे हैं। तीन साल पहले जब लहसुन के दाम बहुत ज्यादा कम थे, तब फुटपाथ और ठेलों पर लहसुन 50 रुपए में डेढ़ किलो बिक रही थी, इस समय तीन साल पहले जितनी कीमत तो कम नहीं है, लेकिन बीते दो साल से जिस तरह से लहसुन के दाम आसमान छू रहे हैं, उससे कीमत बहुत कम है।

इस समय फुटपाथ और ठेलों पर लहसुन चिल्हर में 80 से 100 रुपए में मिल रही है। 80 रुपए में जहां छोटी साइज है, वहीं 100 रुपए में बड़ी साइज की लहसुन मिल रही है। बीते साल ही दिसंबर में कीमत 400 रुपए किलो थी, लेकिन अब नई फसल आने से दो साल बाद लहसुन वापस पुरानी कीमत पर लौटी है। दो साल पहले लहसुन की कीमत 25 से 30 रुपए पाव और 100 रुपए किलो थी। महंगाई से आम आदमी परेशान है। लगातार महंगाई बढ़ रही है, ऐसे में अगर किसी सामान की कीमत कम होती है तो आम आदमी को राहत महसूस होती है। हालांकि आमतौर पर महंगे सामान की कीमत इतनी जल्दी कम नहीं होती है। कीमत कम होने के बाद कब इसमें मुनाफाखोरी के कारण कीमत में इजाफा कर दिया जाए, कहा नहीं जा सकता। कारोबारी मुनाफाखोरी से बाज नहीं आते।

■ लहसुन की बीते साल ही कीमत 400 से 500 रुपए रही है चिल्हर में

### वापस पुरानी कीमत पर लौटी लहसुन

लहसुन की कीमत बीते दो साल तक 400 रुपए से लेकर 500 रुपए किलो रही है। बीते साल भी कीमत चिल्हर में 500 रुपए तक गई थी। थोक में इसकी कीमत चार सौ रुपए तक रही है। बीते साल दिसंबर से कीमत कम होने लगी थी, लेकिन चिल्हर में इसकी कीमत कम नहीं हो रही थी। अब नए साल में चिल्हर में भी कीमत बहुत कम हो गई है, क्योंकि लहसुन की नई फसल आने के बाद इसकी आवक भी ज्यादा हो रही है। पहले जनवरी में इसकी कीमत दो सौ रुपए हुई और अब फरवरी में इसकी कीमत पहले जैसी हो गई है। अब मार्च में तो कीमत और कम हो गई है। इस समय थोक में छोटी साइज की लहसुन के दाम 50 से 60 रुपए हैं। इसी के साथ बड़ी साइज की लहसुन थोक में 80 रुपए में मिल रही है। जहां तक चिल्हर का सवाल है तो यह किलो में 80 से 100 रुपए में मिल रही है। एक पाव लेने पर इसके 25 से 30 रुपए लग रहे हैं।

# जल संकटग्रस्त तीन हजार से ज्यादा गांवों को मिलेगा नदी का मीठा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में 3 हजार से ज्यादा गांव अभी भी भीषण जलसंकट का सामना कर रहे हैं। राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत इन गांवों को पानी मुहैया कराने की एक खास योजना को लागू कर दिया है। इसके फलस्वरूप जिन गांवों को अब तक खारा पानी भी नहीं मिल पा रहा था, उन गांवों को अब नदी का मीठा पानी मिलेगा।

छत्तीसगढ़ में भूजल संकट से घिरे गांवों की पहचान के बाद 3234 गांवों को जल्द इस समस्या से निजात मिल जाएगी। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार ने इन गांवों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल के लिए बहु ग्राम योजना लागू की है। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि इस योजना के पूरा होने पर 3234 गांवों में नदी का मीठा पानी पहुंचाया जाएगा। इससे अब तक खारे पानी के लिए भी तरस रहे इन गांवों के 10 लाख से अधिक परिवारों को मीठा जल मिल सकेगा।

इसके लिए प्रदेश में कुल 4527 करोड़ रुपए की लागत से 71 मल्टीविलेज योजनाओं का काम शुरू किया गया है। सरकार ने इन गांवों में आपूर्ति किए जाने वाले पानी की क्वालिटी सुनिश्चित करते हुए सभी मल्टी विलेज योजनाओं को समय में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव की अध्यक्षता में हुई जल जीवन मिशन की बैठक में मल्टीविलेज योजना लागू करने की मंजूरी दी गई थी।

यह योजना भूजल संकट से प्रभावित 18 जिलों के 3234 गांवों में लागू की गई है।

इन गांवों में भूजल या तो पूरी तरह से खारा हो गया है या पानी में भारी तत्वों की मौजूदगी मिलने के अलावा कुछ गांवों में भूजल स्तर खतरे के निशान से भी नीचे चला गया है। इन गांवों में मल्टीविलेज योजनाओं के माध्यम से स्थानीय नदियों का मीठा पानी पहुंचाया जाएगा। योजना के माध्यम से 3234 गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाएगी।


# बढ़ती खपत के कारण अब दूसरे राज्यों से भी ले रहे पांच सौ मेगावाट बिजली

### सेंट्रल सेक्टर पर अब निर्भरता घटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। मार्च में बिजली की खपत पहली बार 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। इस समय पीकऑवर में खपत छह हजार मेगावाट से ज्यादा हो रही है। ऐसे में बिजली की आपूर्ति के लिए सेंट्रल सेक्टर से तो बिजली मिल ही जाती है, लेकिन सेंट्रल सेक्टर से पॉवर कंपनी का शेयर साढ़े तीन हजार मेगावाट ही है। ऐसे में अब सेंट्रल सेक्टर पर निर्भरता कम करने के लिए दूसरे राज्यों के बैंकिंग में पांच सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली ली जा रही है। ऐसे में अब सेंट्रल सेक्टर से कम बिजली लेनी पड़ रही है।

गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेश भर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। इसी के साथ कृषि पंप भी चलने के कारण खपत का ग्रॉफ लगातार बढ़ रहा है।



### मार्च में पहली बार इतनी खपत

फरवरी और मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी नहीं रहती है। कृषि पंपों के कारण फरवरी में खपत पांच हजार मेगावाट के पार जरूर हो जाती है, लेकिन इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट गई है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार फरवरी में इतनी ज्यादा खपत देखने को मिली। इसके बाद अब मार्च में खपत का ग्राफ और बढ़ गया है। इस समय खपत 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। मार्च में ही और नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

### अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट

पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। लेकिन कभी भी उत्पादन सौ फीसदी नहीं होता है। सभी संयंत्रों के चलने पर अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट तक होता है। इस समय सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। इसी के साथ दूसरे राज्यों से पांच सौ मेगावाट बिजली लेने के कारण तीन हजार मेगावाट बिजली हो जा रही है। खपत के हिसाब से बाकी बिजली सेंट्रल सेक्टर से ली जा रही है। पॉवर कंपनी के पास तीन हजार मेगावाट बिजली होने के कारण खपत 65 सौ भी जाने पर आसानी से सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली मिल जाएगी।








## नगर सहित क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई होली

**दल्लीराजहरा।** नगर सहित क्षेत्र में होली का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। पूरा दल्लीराजहरा शहर होली के रंग में डूबा हुआ था। वहीं, स्थानीय पुलिस प्रशासन की टीम दल्लीराजहरा शहर के विभिन्न चौराहों पर मुस्तैदी के साथ तैनात थी। कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण ढंग से होली का पर्व मनाया गया। कहीं कोई बड़ी घटना नहीं हुई। लोगों ने एक दूसरों को रंग गुलाल लगाकर होली का पर्व धूमधाम से मनाया। दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली पूरे जोर-शोर से मनाया गया। झंडा चौक पर पानी की टंकी छिपा तिराहा आदि जगहों पर जोर-शोर से त्योहार मनाया गया। बुजुर्गों ने बच्चों ने महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का आनंद लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय भाजपा नेता सौरभ लुनिया सहित जनप्रतिनिधियों ने रंग पंचमी का त्योहार लोगों के बीच एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### एमएससी केमेस्ट्री में 56% छात्र फेल

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को एमएससी केमेस्ट्री सहित चार सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इनमें सर्वाधिक छात्र संख्या वाला विषय एमएससी केमेस्ट्री प्रथम सेमेस्टर रहा है। इसकी परीक्षा में 493 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 218 अर्थात 44.22% ही उत्तीर्ण हो सके हैं। शेष 275 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा एमएससी माइक्रोबॉयोलॉजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 4 में से 2 छात्र उत्तीर्ण व 2 एटीकेटी श्रेणी में रहे। एमटेक इन ऑप्टो इलेक्ट्रिक में शामिल दोनों विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। बीफॉर्मा ओल्ड कोर्स आठवें सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल एकमात्र विद्यार्थी के परिणाम रोके गए हैं।

### संपत्ति विरूपण, पांच संस्था पर जुर्माना

**रायपुर।** नगर निवेश विभाग द्वारा शासकीय संपत्ति में संपत्ति विरूपण किये जाने पर 5 संस्थानों को नोटिस देकर 45 हजार रुपये जुर्माना किया गया। जोन 3 नगर निवेश विभाग ने कचना स्थित अविनाश ग्रुप के चितवन प्रोजेक्ट का प्रचार किये जाने पर 5 हजार जुर्माना संबंधित विज्ञापनकर्ता पर किया है। इसी तरह महादेवघाट स्थित कृष्णा साल्वम के संचालक पर जोन 4 के तहत मालवीय रोड, कालीबाड़ी मार्ग में संपत्ति विरूपण करने पर 10 हजार रुपये, मेसर्स साईं कोचिंग संचालक हेमंत सिन्हा पर कालीबाड़ी मार्ग व अन्य स्थानों पर शासकीय संपत्ति विरूपण करने पर 10 हजार जुर्माना किया गया। जोन 7 में राजकुमार कालेज के पास भाटिया व्यवसायिक परिसर स्थित महर्षि विद्या मंदिर 2 के संचालक पर 10 हजार जुर्माना किया गया।

## श्रम विभाग तैयार कर रहा है ठेका श्रमिक नियम में बदलाव

# महिला से नाइट ड्यूटी कराई तो वाहन से घर तक सुरक्षित पहुंचाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में अगर कोई ठेकेदार किसी महिला कर्मी से नाईट ड्यूटी कराता है तो उसकी ये जिम्मेदारी होगी कि वह उस महिला को ड्यूटी के बाद सुरक्षित वाहन से उसके घर तक पहुंचाए। राज्य सरकार ने यह व्यवस्था लागू करने के लिए ठेका श्रमिकों के लिए बने नियम में बदलाव की तैयारी की है। इस नियम को लागू करने के पहले इससे प्रभावित होने वाले लोगों से सुझाव या आपत्ति बुलाई गई है।

### श्रम विभाग कर रहा है ये काम

नियम में बदलाव कर नई व्यवस्था लागू करने के लिए राज्य सरकार का श्रम विभाग ठेका श्रमिक में संशोधन करने की तैयारी है। इस बारे में श्रम विभाग के नवा रायपुर स्थित कार्यालय में 30 दिनों में सुझाव लिए जाएंगे, आपत्तियों का निराकरण करने के बाद यह लागू किया जाएगा।



### सुरक्षित घर तक पहुंचाना होगा

रात की पाली में काम करने वाली महिला कर्मियों को कार्यस्थल से उनके निवास तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने के लिए सुरक्षागार्ड के साथ समुचित वाहन की व्यवस्था की जाएगी। पुलिस द्वारा सत्यापित वाहन, वाहन चालक एवं सुरक्षागार्ड का विवरण आदि की जानकारी भी रखी जाएगी। यह काम नियोजक के हिस्से का होगा।

### रात्रि पाली की ड्यूटी के लिए अब होगी ये शर्त

यह नियम उन ठेकेदारों पर लागू होगा, जो ठेका श्रमिक नियम के अधीन पंजीकृत होते हैं। अगर ये किसी महिला कर्मी को रात 7 बजे से सुबह 6 बजे तक काम पर रखते हैं तो सबसे पहले इसके लिए महिला कर्मी की लिखित में सहमति लेनी होगी। यह सहमति एक लिखित प्रारूप में होगी। रात्रि पाली में कम से कम तीन महिला कर्मियों को एक साथ काम पर रखना होगा।

### ये इंतजाम भी करना पड़ेगा

प्रत्येक ठेकेदार द्वारा दुकान, स्थापना में महिला कर्मियों के लिए अलग से मूत्रालय एवं शौचालय की व्यवस्था की जाएगी, जिसके दरवाजे में केवल अंदर की ओर से सुरक्षा सिटकनी की व्यवस्था होगी। किसी महिला कर्मकार को मातृत्व हितलाभ अधिनियम के अधीन मातृत्व हितलाभ प्रावधानों के विरुद्ध नियोजित नहीं किया जाएगा। प्रत्येक कार्यस्थल पर पर्याप्त प्रकाश, हवा के साथ-साथ स्वास्थ्य अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक कार्यस्थल, जहां कि कर्मकारों से लगातार खड़े होकर कार्य की अपेक्षा की जाती हो, वहां प्रत्येक कर्मकार के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था नियोजक द्वारा की जाएगी, जिससे कि कर्मकार नियत अंतराल में आवश्यकतानुरूप बैठ सके। प्रत्येक ठेकेदार, अग्नि से सुरक्षा संबंधी समुचित प्रावधान का पालन करेगा। कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, जो स्थापनाओं पर लागू हो, के उपबंधों का अनुपालन किया जाएगा। शाम 7 बजे से प्रातः 6 बजे के मध्य किसी भी कारखाने या खतरनाक श्रेणी के कार्य में ठेकेदार द्वारा महिलाओं का नियोजन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।



## बगईकोन्हा सिरपुर स्कूल में 8वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बगईकोन्हा सिरपुर में कक्षा आठवी में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी। कक्षा छठवीं और सातवीं के छात्र-छात्राओं ने कक्षा आठवीं के बच्चों के लिए अपने विचार व्यक्त किए। इसी तरह कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं ने संस्था व शिक्षकों के प्रति अपना विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था प्रमुख टेमन लाल राणा ने कहा कि सभी बच्चे जीवन में बेहतर मुकाम प्राप्त करें व अपने कार्यों से संस्था का नाम रोशन करें। इस अवसर पर कक्षा आठवी के बच्चों को ज्यामेट्री बाक्स एवं पेन प्रदान किया गया। वहीं, शाला के समस्त बच्चों को पेंसिल, नमकीन व चाकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वासुदेव पटेल ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका निशा साहू, शिक्षक मनीष देशमुख, मूल चंद राणा, गैंदा बाई, चंदर सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत डुंडेरा में नवनिर्वाचित सरपंच थलेश्वर ने लिया पदभार





**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पंचायत डुंडेरा में पूर्व सरपंच छबिलाल कोर्राम ने नवनिर्वाचित सरपंच थलेश्वर सिन्हा को गांव के विकास को आगे बढ़ाने के लिए संपूर्ण कार्यभार सौंपा। उसके बाद पूर्व सरपंच व पंचों की विदाई एवं समस्त ग्रामवासियों के साथ होली मिलन महोत्सव मनाया गया।

## रायपुर से जबलपुर, इंदौर हैदराबाद और जयपुर के लिए नई ट्रेनों की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में रेलवे की 2,731 किलोमीटर लंबाई की 25 परियोजनाओं पर 37,018 करोड़ रुपए की कार्ययोजना व निर्माण प्रक्रिया में है, जिनमें से 882 किलोमीटर कार्य पूरा किया जा चुका है। यह जानकारी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के छत्तीसगढ़ में रेलवे के विकास कार्यों को लेकर किए गए प्रश्न के जवाब में दी।



- छत्तीसगढ़ को जल्द ही अधिक रेल सेवाओं का लाभ मिलेगा : बृजमोहन

श्री अग्रवाल ने रेलमंत्री से पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में स्वीकृत रेलवे परियोजनाओं, उनके कार्यान्वयन की स्थिति, लंबित परियोजनाओं के कारणों और नई रेलगाड़ियों की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी मांगी। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, वर्ष 2009-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान नई रेल पटरियों की कमीशनिंग 15 गुना बढ़ी है। वर्ष 2009-14 में सिर्फ 32 किमी. रेललाइन बिछाई गई थी, जबकि 2014-24 में 999 किलोमीटर रेललाइन चालू की गई। रेलवे बजट आवंटन भी वर्ष 2009-14 में 311 करोड़ रुपए प्रतिवर्ष से 2024-25 में बढ़कर 6922 करोड़ रुपए हो गया है, जो 22 गुना वृद्धि दर्शाता है।

श्री अग्रवाल के सवाल पर मंत्री ने बताया, रेलवे परियोजनाओं की प्रगति भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृतियों, राज्य सरकार की लागत भागीदारी, जनोपयोगी सेवाओं के स्थानांतरण, कानूनी और जलवायु परिस्थितियों जैसी कई बाधाओं पर निर्भर करती है। रेलवे मंत्रालय द्वारा परियोजनाओं की प्राथमिकता तय करने, बजट आवंटन बढ़ाने, निगरानी तेज करने और राज्य सरकारों के साथ समन्वय स्थापित करने जैसे कदम उठाए गए हैं, जिससे रेलवे विकास की गति को तेज किया जा सके। श्री अग्रवाल ने रायपुर से जबलपुर, इंदौर, हैदराबाद और जयपुर के लिए नई रेलगाड़ियों की मांग की है।

## एक सूत्रीय मांग के संबंध में पत्र सौंपेंगे

# स्कूल सफाई कर्मचारी करेंगे सरगुजा से जशपुर तक पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेशभर में 43 हजार स्कूल सफाई कर्मचारी, अंशकालीन से पूर्णकालिक कर्मचारी बनाने की मांग

प्रदेशभर के स्कूलों में कार्यरत 43301 स्कूल सफाई कर्मचारी अंशकालीन से पूर्णकालीन करने की मांग को लेकर पदयात्रा निकालेंगे। यह पदयात्रा सरगुजा से जशपुर तक होगी, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूल सफाई कर्मचारी भाग लेंगे। कर्मचारी पैदल मार्च कर जशपुर जिले के बगिया स्थित सीएम निवास पहुंचकर अपनी लंबित मांग के संबंध में पत्र सौंपेंगे। होली त्योहार के बाद यह पदयात्रा निकाली जाएगी।

दरअसल छत्तीसगढ़ के सरकारी स्कूलों में पिछले 15 सालों से कार्य कर रहे 43301 अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह 3 हजार से 3400 रुपए तक मानदेय दिया जाता है, जो कि महंगाई के दौर में काफी कम है। स्कूल सफाई कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश के 90 फीसदी स्कूलों में भृत्य और चपरासी के पद रिक्त होने के कारण सभी काम स्कूल सफाई कर्मचारियों से लिए जाते हैं। इसके कारण पूरा दिन स्कूलों में व्यतीत हो जाता है। छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांग है कि उन्हें अंशकालीन की जगह पूर्णकालीन कर्मचारी का दर्जा देकर कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान किया जाए।

स्कूल सफाई कर्मचारी संघ के मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने बताया कि साल 2023 विधानसभा चुनाव के पूर्व स्कूल सफाई कर्मचारी संघ को जशपुर जिले के ग्राम बगिया में कार्यक्रम के दौरान विष्णुदेव साय और गोमती साय ने आश्वस्त किया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर संघ की मांग को पूर्ण किया जाएगा, पर 18 माह बीतने के बाद भी प्रदेश के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं हुई। राज्य के बजट में भी संघ के कर्मचारियों को उम्मीद रही कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा उनकी लंबित मांग पर गौर किया जाएगा। मांग पूरी नहीं होने से स्कूल सफाई कर्मचारियों में नाराजगी व्याप्त है।



### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने होंगे बाध्य

9 मार्च को राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट गार्डन में अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारियों की प्रदेश स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेशभर के अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी सरगुजा से पैदल मार्च करते हुए जशपुर के बगिया सीएम हाउस जाकर मांग के संबंध में पत्र सौंपेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर जून माह में स्कूल खुलने से पहले अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने बाध्य होंगे।

## औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा मार्ग बना शराबियों का अड्डा

**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से 7 किलो मीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत हरिनछपरा जहां वर्षों पहले औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण कराया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा जाने वाली मार्ग में असामाजिक तत्वों के जमावड़ा व शराबियों का अड्डा बना हुआ है।

## पेज 9 के शेष

### प्राचार्य के रिक्त ...

व संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से मांग की है कि सभी विषयों के व्याख्याता पदों पर अविलंब पदोन्नति करके पदो को भरा जावे ताकि विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ मिल सकें तथा कर्मचारियों को पदोन्नति का अवसर। महासचिव धर्मेश शर्मा ने बताया कि लगभग 30 वर्षों से प्राचार्य पद पर लोक सेवा आयोग के माध्यम से होने वाली विभागीय परीक्षा तथा भर्ती नहीं की गई है, उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा सचिव ने आश्वस्त किया है कि प्राचार्य पदोन्नति के बाद यथाशीघ्र लगभग 400 पदों पर विभागीय परीक्षा की प्रक्रिया को प्रारंभ कर देंगे। शालेय शिक्षक ने अविलंब प्राचार्य पद पर विभागीय परीक्षा की प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग की है। शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने सरकार से उपरोक्त मांगों पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

### प्रेमी जोड़े ने ...

पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## शराब के नशे में पिता ने छुरी से बेटे पर किया वार

**मोहला।** पिता-पुत्र के आपसी विवाद में पिता ने अपने ही पुत्र पर छुरी से वार कर घायल कर दिया। वहीं पुत्र पर हमला होते देख आरोपी की पत्नी भी बीच-बचाव करने सामने आई, जिसे भी आरोपी पति ने उसे भी मारकर घायल कर दिया। वहीं घायल पुत्र और पत्नी को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात जिला मुख्यालय मोहला के वार्ड क्र. 16 इंदिरा आवास में रहने वाले मदन मंडावी और उसके पुत्र जितेंद्र मंडावी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

KANHA WATERPARK
Kanha Water Park, Madesara Dhamdha Road, Durg (C.G.)
In House :-
Restaurant (7x24)
Party Lawn For Marriage Birthday Anniversary Kitty Party
NOW OPEN
Activities :-
Rain Dance
Wave Pool
Kids Pool
Multi-level Tube slides
Cottages
SPECIAL GROUP PICNIC ARRANGEMENT
Contact For Booking
9826642174, 9039831113, 8889258293

## खबर संक्षेप



### पुलिस की होली, फाग गीतों में थिरके जवान

**राजनांदगांव** । पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच शहर में उत्साह और उमंग के साथ होली का पर्व संपन्न हुआ। सभी चौक-चौराहों पर पुलिस की व्यापक व्यवस्था रही। वहीं ड्रोन कैमरे से शहर के अलग-अलग क्षेत्र में निगरानी भी होती रही। होली पर दो दिनों तक ड्यूटी करने के बाद आज पुलिस ने अपनी होली मनाई। शहर के अलग-अलग स्थान और स्थानीय पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस की होली में जवान जमकर थिरके। होली पर बंदोबस्त करने के चलते रंग-गुलाल खेलकर होली नहीं मना पाने वाले जवानों के लिए पुलिस विभाग द्वारा प्रतिवर्ष होली के दूसरे अथवा तीसरे दिन होली का आयोजन किया जाता है। शहर में दो दिनों तक होली का माहौल रहने की वजह से पुलिस विभाग द्वारा तीसरे दिन होली का पर्व मनाया गया।

### होली पर्व के दौरान चाकू लेकर घूमते पकड़ाया

**राजनांदगांव**। होली पर्व के दौरान चाकू लेकर घूम रहे आरोपी को पकड़कर पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपी से धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विशेष अभियान के तहत 15 मार्च को पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति होम्योपैथिक कार्यालय सागरपारा के पास हाथ में धारदार चाकू रखकर आने-जाने वाले आम जनता को डरा-धमका रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर आरोपी सूर्यकांत गोड उर्फ दादू पिता लक्ष्मण गोंड 28 साल निवासी सागरपारा राजनांदगांव थाना बसंतपुर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसके कब्जे से लोहे का धारदार चाकू जब्त कर आरोपी के विरूद्व आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जिसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल भेजा गया। इसी प्रकार मोहल्ले में शांति भंग करने वाले अनावेदक लल्लू पाण्डे पिता ज्ञानू पाण्डे 24 साल निवासी चौखडियापारा राजनांदगांव थाना बसंतपुर के विरूद्व प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई, आरोपी एवं अनोवदक को माननीय न्याललय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय से आरोपी एवं अनावेदक को जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

## निधन

### मदनलाल बाफना



**बालोद**। जैन श्री संघ बालोद के प्रतिष्ठित बाफना परिवार के मदनलाल बाफना का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बालोद मुक्तिधाम में किया गया। वे बालोद के गणेश प्रसादम के संचालक मूलचंद, गौतम, प्रकाश बाफना के भाई व अरुण बाफना के पिता थे।

### सेवकराम सोनी



**बालोद**। शहर के मरार पारा निवासी सेवकराम सोनी 76 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अधिवक्ता विनय सोनी के पिता थे।

## धूमधाम से मनाई गई होली







**बालोद**। जिले में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। लोग रंगों में सराबोर होकर नाचते-गाते दिखे, वहीं रंग गुलाल के साथ लोग अपने दोस्त व परिवार को रंग लगाकर होली का त्योहार मनाया। होलिका दहन की रात को ग्रामीण पूजा अर्चना कर होली जलाई गई। उसके बाद दूसरे दिन रंगोत्सव मनाया गया। सुबह से ही लोग होलिका दहन वाले स्थान पर गोबर 5 कंडे, नारियल, आगरबत्ती ले जाकर पूजा की और राख का तिलक लगाया। उसके बाद लोगों ने होली मनाना शुरू किया और दिनभर रंग और फाग की मस्ती में डूबे रहे। वहीं, होली के गानों पर तथा नगाड़ों की धुन पर लोग नाचते दिखे तथा यादों को संजोने के लिए एक-दूसरे को रंग लगाकर सेल्फी भी ली।

पर्व : होलिका दहन के बाद दूसरे दिन सुबह से ही रंगों की मस्ती में डूबी रहीं टोलियां

# अंचल में उत्साह के साथ मना होली का त्योहार दिनभर फाग गीतों व रंगों से सराबोर रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ अरजपुरी में जमकर उड़े रंग और गुलाल

होली का त्योहार अंचल में धूमधाम से मनाया गया। वनांचल ग्राम अरजपुरी में रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गांव के सभी नागरिक एक ही रंग में नजर आये। हर तरफ होली की धूम रही। बच्चे, बूढ़े,जवान सभी होली की मस्ती में डूबे रहे। हर समाज व उम्र के लोग मस्ती की रंग में रंग गए। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। प्रेम व भाईचारे के साथ होली खेली व शुभकामनाएं दी। सभी चौक चौराहों पर लोग हर्ष और उल्लास



के साथ होली मनाते नजर आए. कहीं डीजे की धुन पर युवा थिरकते दिखे तो कहीं फाग गीतों पर गांव के बुजुर्ग झूमते मिले।

क्षेत्र के युवा नेता पंकज जैन ने क्षेत्रवासियों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर होली मनाई,सबको रंग गुलाल लगाकर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते नजर आए,तो वहीं हम उम्र युवाओं के साथ गले मिलते नजर आए। ग्रामीणों के बीच होली की खुशियों के साथ गांव के युवा जिन्होंने एमएससी बॉटनी की पढ़ाई कर पूरे प्रदेश के टॉप 10 की लिस्ट में स्थान प्राप्त कर गांव का मान बढ़ाने की खुशी अलग से झलकी। बॉटनी टॉपर गरुड़ साय मंडावी ने गांव के बुजुर्गों को रंग लगाते हुए आशीर्वाद लिया, तो वहीं गांव के युवाओं ने खुशी जाहिर करते हुए रंग गुलाल में सराबोर कर दिया।



### बघेली में हुई एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता

**बालोद/निकुम**। संगठन युवा समिति व समस्त ग्रामवासी बघेली के तत्वावधान में एक दिवसीय फाग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अतिथियों ने मिलकर नगाड़ा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य गुलशन चन्द्राकर ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारा और उत्साह का पर्व है। रंग और उमंग के पर्व में सब मिलकर खुशी बांटें। इस अवसर पर जनपद सदस्य ललिता भुर्याय ने कहा कि नगाड़ा के साथ फाग गीत की संस्कृति को संजोकर रखने अच्छी पहल कर रहे हैं। वहीं, ग्राम सरंपच रामेश्वर तेलासी ने अतिथियों से गांव के लिए विकासकार्यों की मांग की। कार्यक्रम में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष मुकेश यादव, भरत यादव, निर्णायक टीकम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रोतागण उपस्थित थे।

### विधायक संगीता ने कार्यालय में रखा होली मिलन समारोह



**गुरूर**। रंगों के त्यौहार होली के अवसर पर विधायक संगीता सिन्हा ने अपने विधायक कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं व कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता शामिल हुईं। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली मनाई। विधायक संगीता सिन्हा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में सम्मिलित होने न सिर्फ महिलाएं पहुंची बल्कि छोटी बच्चियों से लेकर युवतियां भी शामिल हुईं। विधायक संगीता ने बड़ों के साथ छोटी बच्चियों को भी गुलाल लगाया। महिलाओं के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता फाग गीतों पर झूमते तथा एक दूसरे को रंगों से सराबोर करते दिखे। इस अवसर पर पहुंची महिलाओं ने पकवानों का आनंद भी उठाया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने विधायक संगीता सिन्हा के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

### धनोरा में जलाई गई नारियल-नीबू की होली



**अंडा**। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में होली का पर्व धूमधाम से पारंपरिक रूप से मनाया गया। होलिका दहन पर शाम 4 बजे नाला के पास बघुवा की मूर्ति की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। उसके बाद दरबार में पूजा-अर्चना कर नारियल नीबू कपड़ा भेलवा की होली जलाई गई। नंद पंडा ने चकमक पत्थर की चिंगारी से होली जलाई। उसके बाद नंद पंडा, मनोज पटेल एवं राजू यादव ने दरबार में पहुंचे भक्तों के शरीर से नारियल, भेलवा, नीबू उतार कर होली में डाली। उसके बाद सभी श्रद्धालु अपने-अपने घर से लाए कपड़ा व नारियल होली में डालते गए। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि इस तरह से होली छत्तीसगढ़ में हमारे गांव धनोरा दुर्ग में ही जलाई जाती है। उसके बाद श्री राधा कृष्ण फाग एवं सेवा भजन मंडली धनोरा के गायक भाई गुलाब साहू ने फाग गीत गाया। उसके बाद एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगा कर होली मनाई गई। कार्यक्रम में लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू बलू गज्जू रायपुरिहा पुरण साहू जस सम्राट भोलू खिलेश्वर ओमकार साहू विनोद साहू राजू यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह में पूर्व छात्र का किया सम्मान

■ लाकेश बिहार पीएससी में 67 वीं रैंक हासिल कर बीडीओ के पद पर चयनित

**डौंडीलोहारा**। नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में होली की पूर्व संध्या पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व छात्र लाकेश कुमार सिन्हा का स्वागत व सम्मान किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता एनुका शार्वा ने बतलाया कि विद्यालय के पूर्व छात्र लाकेश सिन्हा पिता अशोक सिन्हा ने सत्र 2017 में कक्षा 10 वीं तक की पढ़ाई हमारे विद्यालय से की थी। अभी वे बिहार पीएससी में 67 वाँ रैंक हासिल करके बीडीओ के



पद पर चयनित हुए हैं। वहीं, संस्था प्रमुख प्रदीप मेश्राम ने कहा कि छात्र पूर्व से ही मेधावी था उसने अपनी पढ़ाई जीवन में विभिन्न संघर्षों को पार करते हुए इस मुकाम को हासिल किया है।

वहीं, लाकेश सिन्हा के पिता अशोक सिन्हा ने लाकेश की पढ़ाई के लिए किए हुए संघर्षों को बताते हुए सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित किया। व्याख्याता लूनकरण ठाकुर ने भी छात्र की प्रतिभा का बखान किया। सभी विद्यालयीन स्टॉफ द्वारा छात्र लाकेश सिन्हा और उनके पिता अशोक सिन्हा को शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शाला के जनभागीदारी व विकास समिति के अध्यक्ष लीलेंद्र सिन्हा ने कहा कि लाकेश सिन्हा नगर के साथ साथ हमारे समाज का भी गौरव है जो एक सामान्य परिवार से निकलकर आज हम सभी को प्रेरणा दे रहा।

कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक हेमंत साहू व आभार ज्ञापन व्याख्याता अविनाश कुमार साहू ने किया।कार्यक्रम में व्याख्याता रामसहाय देशमुख, दुकालूराम साहू, वीरेंद्र कुमार भंडारी, संगीता वैदे, पुष्पा कटेंद्र, रवीन्द्रनाथ योगी, तेजेश्वरी साहू, लवण कुमार साहू,भूपेंद्र पटेल,सौरभ शर्मा, सूर्योदय मानिकपुरी, भारती साहू, गिरीश साहू, सोनू सिन्हा सहित समस्त विद्यालयीन बच्चें उपस्थित थे।

**परसेंटेज के पीछे न भागें, प्रतियोगी परीक्षा के हिसाब से तैयारी करें : लाकेश :** मुख्य वक्ता लाकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि किस प्रकार समस्याओं का सामना करते हुए उन्होंने नियमित अभ्यास के माध्यम से इस मुकाम को प्राप्त किया है। उन्होंने अपने 9 वीं कक्षा के पढ़ाई जीवन को बतलाते हुए विज्ञान विषय में उनके शिक्षक के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को याद किया। उन्होंने सभी बच्चों को पर्सेंट के पीछे ना जाकर अभी से कम्पीटिशन की तैयारी में लग जाने की बात कही।

## ग्राम मेढ़की में चला स्वच्छता अभियान

■ सरपंच मंजूलता ने ग्रामीणों से सूखा व गीला कचरा स्वच्छता दीदी को ही देने की अपील की

**बालोद**। विकासखंड के ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता परस साहू ने अपने आश्रित ग्राम मेढ़की में रविवार को स्वच्छता दीदियों के साथ मिलकर गांव की गलियों में साफ-सफाई का अभियान चलाया। अभियान में स्वच्छता दीदी, ग्राम पंचायत के सरपंच, पंच संतोष साहू एवं ग्रामीणों ने अपनी सहभागिता दी और गांव को स्वच्छ और सुंदर रखने का संदेश दिया।



स्वच्छता दीदियों के साथ गांव की अन्य महिलाएं भी रविवार को स्वच्छता अभियान से जुड़ कर पूरे गांव की सफाई करने सक्रिय रहीं। सरपंच मंजूलता परस साहू ने ग्रामीणों से अपील की कि घर से निकलने वाले सूखा, गीला कचरा स्वच्छता दीदी को ही दें। अपने आस पास स्वच्छ और सुंदर रखें, सड़क किनारे कचरा ना डाले और इस अभियान में सभी सहभागी बने। ग्राम मेढ़की की स्वच्छग्राही महिलाओं ने सायकल प्राप्त करने के बाद घर– घर जाकर कचरा उठाने का कार्य शुरू कर दिया है। ग्राम में बारी–बारी से घर–घर जाकर गीला और सूखा कचरा उठाने का काम कर रही हैं। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत ये महिलाएं स्वच्छता दीदियों के रूप में सुबह–सुबह घर–घर जाकर कचरा कलेक्शन का कार्य कर रही हैं। कचरा कलेक्शन के साथ दीदियां गांव को स्वच्छ बनाने में लोगों को सहयोग करने तथा कचरा निपटारे के संबंध में जागरुक करने का कार्य भी कर रहीं हैं। स्व सहायता समूह में 11 महिलाए है जिसमे शशि प्रभा, किरण यादव, किरण साहू, दीप बाई, रूखमणी बाई, पुष्पा साहू, ललिता साहू, जानकी बाई,प्यारी बाई सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## गायत्री शक्तिपीठ में होली पर दिखा उत्साह



**डौंडीलोहारा**। गायत्री शक्तिपीठ डौंडीलोहारा में प्रज्ञा पुत्रों भोलाराम साहू, मिलन सिन्हा, पुरानिक सोरी, प्रज्ञानंद बगमरिया, बिसंभर बगमरिया, कैलाशनाथ साहू, चेतन साहू, राजू साहू पीलू राम साहू व परिव्राजक विदेशी राम चौहान ने फाग गीतों के साथ हर्षोल्लास से लेकिन शांति पूर्ण तरीके होली मनाई।

## संबलपुर में धूमधाम से मनाई गई होली



**डौंडीलोहारा**। समीप के ग्राम संबलपुर में रंगों का पर्व होली धूमधाम से मनाया गया।

## बच्चों ने बाजे-गाजे के साथ घर-घर दी दस्तक



**जामगांव आर**। होलिका दहन के लिए अब हरे वृक्ष की बचाव में जागरूकता दिखने लगी है। गोबर के कंडे कुछ सूखी लकड़ी और श्री फल होलिका दहन में नजर आती है, जो सुखद है। इन दिनों होली में अनावश्यक हुड़दंग और गाली-गलौज वाला वातावरण भी नहीं रहा, जो सभ्य समाज की बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है। इस तरह भाईचारा का संदेश देने आई होली में वातावरण सौहार्द्र पूर्ण रहा। वहीं, इस बार पारंपरिक रूप से धूमधाम से होली मनाई गई। नगाड़ों की धुन और रंग-गुलाल के साथ लोगों ने होली का खूब आनंद उठाया। इस दौरान कुछ बच्चों ने होली में बाजा बजाते हुए घर-घर दस्तक दी। वहीं, कई घरों में लोगों ने इन बच्चों को उपहार भी दिए।

## जिला अधिवक्ता संघ ने मनाया होली मिलन समारोह




**बालोद**। जिला न्यायालय बालोद में जिला अधिवक्ता संघ बालोद द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां जिला न्यायालय बालोद के अधिकारी कर्मचारियों के साथ अधिवक्ताओं ने होली खेली और एक-दूसरे को रंग लगाकर रंगोत्सव का आनंद लिया।

## एसएमसी उपाध्यक्ख्ज्ञ ने बेटी के जन्मदिन पर दिया न्यौता भोज



**गुरूर**। शासकीय प्राथमिक शाला खोरदो में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन समिति उपाध्यक्ष मोहेश्वरी साहू ने अपनी बेटी याचना के जन्मदिन पर सभी बच्चों को भोजन करवाया। इस अवसर पर प्रधानपाठक हेमंत साहू, नरेश कुमार, फलेश कुमार, हीरामणी, सत्यभान अर्चना साहू व ग्रामीण उपस्थित थे।

## नपं अध्यक्ष ने काशी विश्वनाथ के दर्शन कर मांगी सुख-समृद्धि



**गुण्डरदेही**। नगर पंचायत गुण्डरदेही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद जैन अपने परिवार के साथ इस समय उत्तर प्रदेश के धार्मिक दौरे पर हैं। इस दौरान वे रामलला के साथ काशी विश्वनाथ धाम में भगवान शिव और काल भैरव के दर्शन कर गुण्डरदेही नगर की सुख–समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport